वन अनुसंधान संस्थान की राजभाषा समिति की बैठक का आयोजन

वन अनुसंधान संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक 17 सितंबर, 2020 को प्रातः 11.00 बजे प्रमंडल कक्ष में संस्थान निदेशक श्री ए. एस. रावत, भा.व.से. की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में वन अनुसंधान संस्थान के विभिन्न प्रभागों/अनुभागों के प्रमुख/प्रतिनिधि उपस्थित रहें। बैठक के प्रारंभ में श्री शंकर शर्मा, सदस्य सचिव ने सभी सम्मानीय सदस्यों का स्वागत किया। इसके पश्चात मदवार बैठक के विषयों पर चर्चा करते हुए संस्थान में हिंदी कार्यान्वयन में हो रही प्रगति पर पावर पॉइंट प्रस्तुति रखी गई । निदेशक महोदय ने समीक्षा के उपरांत सभी प्रभागों/अनुभागों को हिन्दी कार्यान्वयन को अधिक से अधिक बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।